अत्यावश्यक
ई–मेल/निबंधित डाक

पत्रांक–1प/स्था०–03–72/2025/11303/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

गोविन्द चौधरी,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक 04/9/2025

विषयः– **बिहार पंचायत सेवा के विभिन्न पदों का गोपनीय चारित्री/अभियुक्ति अभिलेखित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पंचायत सेवा के पदाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के अभिलेखन हेतु मार्गदर्शन विभागीय परिपत्र संख्या–11444 दिनांक 28.11.2022 द्वारा पूर्व में संसूचित है। साथ ही इस परिपत्र द्वारा बिहार पंचायत सेवा के पदाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के अभिलेखन हेतु प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी का निर्धारण भी किया गया है।

मुख्य सचिव, बिहार द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में बिहार पंचायत सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (PAR) का अभिलेखन SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के माध्यम से ऑनलाईन किया जाना है।

2. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सम्यक् विचारोपरान्त बिहार पंचायत सेवा संवर्ग के निम्नलिखित पदाधिकारियों/कर्मियों की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के आलेखन हेतु प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी का निम्नवत् निर्धारण किया जाता है :–

क्र०सं०	पद का नाम	प्रतिवेदक पदाधिकारी	समीक्षी पदाधिकारी	स्वीकरण पदाधिकारी
1.	(क) अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी	जिला पंचायत राज पदाधिकारी	जिला पदाधिकारी	निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
	(ख) अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद	मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद	जिला पदाधिकारी	निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
2.	(क) जिला पंचायत राज पदाधिकारी–सह–प्राचार्य (बिहार पंचायत सेवा)	जिला पदाधिकारी	प्रमंडलीय आयुक्त	सचिव/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
	(ख) प्राचार्य/सहायक निदेशक, राज्य स्तरीय शोध संस्थान	निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना	निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना	सचिव/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
3.	उप निदेशक, पंचायत राज कार्यालय में पदस्थापित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी	उप निदेशक, पंचायत राज	प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव	निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना

3. अनुरोध है कि उपर्युक्त विवरणी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के निदेश के आलोक में वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति/चारित्री अभिलिखित करने की कृपा की जाय।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः--1प/स्था०--03–72/2025/ 11303 /पं०रा० पटना, दिनांक– 04/9/2025

प्रतिलिपिः- अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः--1प/स्था०--03–72/2025/ 11303 /पं०रा० पटना, दिनांक– 04/9/2025

प्रतिलिपिः सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, पंचायत राज कार्यालय/सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, मुखिया सरपंच प्रशिक्षण संस्थान/सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, जिला पंचायत राज प्रशिक्षण संस्थान, बिहार/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी/सभी पंचायत सचिव, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः--1प/स्था०--03–72/2025/ 11303 /पं०रा० पटना, दिनांक– 04/9/2025

प्रतिलिपिः- माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के आशुलिपिक/विशेष सचिव के आशुलिपिक/सभी प्रभारी पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव